भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा उत्पादन विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 541
20 नवम्बर, 2019 को उत्तर के लिए

एलसीए विनिर्माण संबंधी समझौता

541. श्री नितेश गंगा देब :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) और एसयू-30 एमकेआई जेट के निर्माण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) और (ख): भारत सरकार ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ न तो एलसीए विमान और न ही एसयू-30 एमकेआई विमान के विनिर्माण हेतु किसी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

तथापि, भारत सरकार और एचएएल के बीच कुल 40 एलसीए [प्रारंभिक संक्रियात्मक स्वीकृति (आईओसी) में 20 और अंतिम संक्रियात्मक स्वीकृति (एफओसी) में 20] के लिए दो संविदाओं पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के लिए उत्पादन लाईसेंस के तहत कुल 222 एसयू-30 एमकेआई विमान की अधिप्राप्ति के लिए भारत और रूस के बीच आद्यक्षर अंतर-सरकारी करार (आईजीए) के आधार पर भारत सरकार द्वारा एचएएल के साथ छः संविदाओं पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

***